दिन– रविवार | दिनांक– 08 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारतीय वायु सेना ने अपना इक्यानवे–वां स्थापना दिवस मनाया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने कहा– वायु सेना हर प्रकार की चुनौतियों से निपटने में सक्षम।

02. रंगारंग समारोह के साथ चीन में आयोजित एशियाई खेल आज समपन्न हो गये। अट्ठाईस स्वर्ण सहित एक सौ सात पदक जीत कर भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।

03. प्रदेश में डूबने की अलग–अलग घटनाओं में बाईस लोगों की मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये सहायता राशि देने की घोषणा की।

04. और, लोक नायक जयप्रकाश नारायण को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

अब समाचार विस्तार से.........

---

रंगारंग समारोह और मनमोहक आतिशबाजी के साथ चीन में आयोजित एशियाई खेल आज समपन्न हो गये। हॉकी टीम के गोलकीपर पी. आर. श्रीजेश ने भारतीय तिरंगा लेकर मैदान में प्रवेश किया। एशियाई ओलंपिक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह ने इन खेलों के औपचारिक समापन की घोषणा की। अगले एशियाई खेल वर्ष दो हजार छब्बीस में जापान के **नागोया** में होंगे।

चीन में संपन्न एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन रहा है। भारतीय टीम इन खेलों में 28 स्वर्ण, 38 रजत तथा 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रही है। भारत ने वर्ष 2018 में जकार्ता में बनाए गए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को 37 पदकों से पीछे छोड़ दिया है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से––– रिपोर्ट–

––––रिपोर्ट––––

19वें एशियाई खेलों में भारत ने रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन करते हुए मेडल्स की झड़ी लगा दी और ष्इस बार सौ पारष् के लक्ष्य से भी कहीं ज्यादा पदकों से झोली भरकर ऐतिहासिक ऊंचाई को छू लिया। भारतीय एथलीटों ने देश को सोने की चमक भी खूब दिखाई। खेलों के चौदहवें दिन 6 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक भारत के हिस्से में आए। भारत को ऐतिहासिक 100वां मेडल महिला कबड्डी टीम ने सोना जीतकर दिलाया। भारत की इस यात्रा पर हम देखें तो सबसे ज्यादा 29 पदक एथलेटिक्स में मिले हैं। नीरज चोपड़ा ने गोल्ड और किशोर कुमार जेना ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। पारुल चौधरी और अविनाश साबले का डबल पोडियम, तजिंदरपाल सिंह तूर का शॉट पुट खिताब, 4•400 मीटर रिले टीमों का शानदार प्रदर्शन और तेजस्विन शंकर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के साथ–साथ डेकाथलॉन और ट्रैक एंड फील्ड के यादगार लम्हें इन एशियाई खेलों के साक्षी बने। निशानेबाजी में भारत ने 22 पदक जीते और सात स्वर्ण पदक अपने नाम किए। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की अगुवाई में सिफत कौर सामरा और पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिए। भारतीय क्रिकेट और कबड्डी टीमों ने भी स्वर्ण पदक हासिल किए। पुरुष हॉकी में भारत ने स्वर्ण पदक जीता और पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। हालांकि, महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक भी जीता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भारत का पहला बैडमिंटन गोल्ड जीता। एच एस प्रणॉय ने चोट के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने मिक्स्ड डबल्स टेनिस का खिताब हासिल किया। स्क्वाश में दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल संधू ने एशियन गेम्स के इतिहास में पहली बार मिक्स्ड डबल्स का स्वर्ण पदक जीता। तीरंदाजी में भारत ने 9 पदक हासिल किए और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए महिला कंपाउंड के स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। भारत ने 41 वर्षों में अपना पहला इक्वेस्ट्रियन यानी कि घुड़सवारी में स्वर्ण पदक भी हासिल किया। लवलीना बोरगोहेन ने रजत पदक और पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा जीता। साथ ही निकहत जरीन, प्रीति पवार तथा परवीन हुड्डा ने भी ओलंपिक कोटा हासिल किए। अदिति अशोक इन खेलों में रजत पदक जीतकर पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं। पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती के 86 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक पुनिया को रजत पदक मिला। और इस तरह से भारत ने एशियाई खेलों में 107 पदकों के साथ अपने अभियान को विराम दिया।

---

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एशियाई खेलों में भारतीय टीम के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस बार के खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने कई विश्व रिकार्ड तोड़े है। यह ऐतिहासिक घटना है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने खिलाड़ियों की सुविधाओं का ध्यान रखा। खिलाड़ियों के मजबूत संकल्प के बदौलत भारत ने सौ से अधिक पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया है।

———————————————————————————————————

भारतीय वायु सेना का इक्यानवे–वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बमरौली वायुसेना केंद्र में शानदार परेड का आयोजन किया गया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर थल सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान और मध्य हवाई कमान के प्रमुख एयर मार्शल आर.जी. के. कपूर भी उपस्थित थे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने  एक परेड में वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण किया। इसके लिए वायुसेना के पुराने ध्वज को उतारकर सम्मानपूर्वक वायुसेना प्रमुख को सौंपा गया। अब इस ध्वज को वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। वायुसेना प्रमुख ने इस अवसर पर चार इकाइयों को प्रशस्ति–पत्र भी सौंपे। इनमें सोलह स्क्वाड्रन, एक सौ बयालीस हेलीकॉप्टर यूनिट, नौ सौ एक सिग्नल यूनिट और तीन बेस रिपेयर डिपो शामिल हैं।

इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि वायुसेना की शक्ति, शांति और युद्‌काल–दोनों में उपयोगी होती है। इसके लिए हमें नई तकनीकों को अपनाते रहना होगा ताकि हम उभरती चुनौतियों का मुकाबला कर सकें। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्थापना दिवस पर कई नई पहल किये गये।

———बाईट—————

इस वर्ष भारतीय वायुसेना ने मित्रवत विदेशी देशों के साथ दुनिया भर में आठ अभ्यास किये और असाधारण रूप में अच्छा प्रदर्शन किया। पहली बार हमारे देश में निर्मित हल्के लडाकू विमान ने भी विदेशी अभ्यास में भाग लिया अग्निवीरों के पहले बैच को सफलतापूर्वक शामिल कर लिया है और महिला अग्निवीरों सहित उसके बाद के बैच वर्तमान में बुनियादी प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं। यह पहली वायु सेना दिवस परेड है कि कमान एक महिला अधिकारी ग्रुप कैप्टन सालिजा धामी ने संभाली है व लडाकू इकाई की कमांन संभालने वाली भारतीय वायु सेना की पहली महिला अधिकारी भी हैं। पहली बार परेड में महिला अग्निवीर की टुकडी भी शामिल की गई। साथ ही परेड में पहली बार भारतीय वायु सेना में गरूण कमांडो की उडान भी देखने को मिली। गरूण ने हाल ही में राष्ट्रीय सेवा के 20 वर्ष पूरे किए हैं। परेड में भारतीय वायु सेना की क्षमताओं और राष्ट्र की रक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया गया। स्काई पैरा जम्पर्स ने बेहतरीन करतब  दिखाए और लोगों को रोमांच और जोश से भर दिया। इस कार्यक्रम के बाद दोपहर करीब तीन बजे संगम क्षेत्र में एयर शो आयोजित किया जाएगा। ओम अवस्थी एआईआर न्यूज प्रयागराज

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वायु सेना के स्थापना दिवस पर वायु सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि वायु सेना नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश को इस बात का गर्व है कि हमारे पास इतनी मजबूत और साहसिक सैन्य शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि सेना की इस इकाई की वीरता और समर्पण पर पूरे देश को गर्व है।

———————————————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान नदियों और पोखरों में डूबने से बाईस लोगों की मौत हो गई है। राज्य के नौ जिलों में जिउतिया के स्नान के दौरान ज्यादातर लोगों की मौत हुई है। मृतकों में अधिकांश बच्चे है। सबसे अधिक पांच लोगों की मृत्यु भोजपुर में जबकि चार

लोगों की जहानाबाद में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में तीन, रोहतास में तीन, दरभंगा में दो, नवादा में दो, मधेपुरा, औरंगाबाद और कैमूर जिले में एक–एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन हादसों पर गहरा दुःख जताया है और मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

———————————————————————————————

इधर, भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी में डूबे पांचों शव बरामद कर लिये गये है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। सीपीआई माले के विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि जिले में इस तरह की घटनाएं अवैध बालू खनन के कारण हो रही है। उन्होंने बालू माफिया पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

———————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग का विरोध करने का आरोप लगाया है। आज बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी के लिए कभी आरक्षण की बात नहीं सोची। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ओबीसी समुदाय को हमेशा आगे बढ़ाया गया है। श्री सिंह ने कहा कि जन धन योजना से लेकर अन्य सभी सरकारी कार्यक्रमों में ओबीसी का ध्यान रखा गया है।

———बाईट———

———————————————————————————————

सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन के प्रणेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पटना के जे.पी. गोलम्बर के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया है, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जे.पी. की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में आयोजित समारोह में पुष्पांजलि अर्पित की। कदमकुआं स्थित जयप्रकाश नारायण के आवास पर चरखा समिति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। लोक नायक की जन्म स्थली सारण जिले के सिताब दियारा में भी कार्यक्रम आयोजित कर दिवंगत समाजवादी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

———————————————————————————————

आज पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोक जन शक्ति पार्टी के संस्थापक राम विलास पासवान की तीसरी पुण्यतिथि है। इस अवसर पर खगड़िया के अलौली प्रखंड क्षेत्र के शहरबन्नी स्थित पैतृक गांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोजपा, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद चिराग पासवान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी समेत विभिन्न प्रकोष्ठ के नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।इधर समस्तीपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

———————————————————————————————

गोपालगंज जिले के कटैया में एक शराब तस्कर की मौत के बाद उपद्रवियों ने जम कर हंगामा किया और थाने में तोड़फोड़ की। बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात होने के बाद स्थिति सामान्य हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को सौंप दिया है। घटना के संबंध में जांच चल रही है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. भारतीय वायु सेना ने अपना इक्यानवे–वां स्थापना दिवस मनाया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने कहा– वायु सेना हर प्रकार की चुनौतियों से निपटने में सक्षम।

02. रंगारंग समारोह के साथ चीन में आयोजित एशियाई खेल आज समपन्न हो गये। अट्‌ठाईस स्वर्ण सहित एक सौ सात पदक जीत कर भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।

03. प्रदेश में डूबने की अलग–अलग घटनाओं में बाईस लोगों की मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये सहायता राशि देने की घोषणा की।

04. और, लोक नायक जयप्रकाश नारायण को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।